बहुजन हिताय! बहुजन सुखाय!

# सक्षम भारत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | इन्द्रजीत सिंह, मुख्य संवाददाता/सचिव, CNSI-Delhi

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से प्रसारित

www.sakshambharat;net, E-mail : saksham.bharat@hotmail.com

Member : CENTRAL NEWSPAPER SOCIETY OF INDIA DELHI

● वर्ष: 24 ● अंक: 47 ● नई दिल्ली ● वीरवार 27 नवम्बर 2025 ● प्रभात कालीन ● मूल्य: 3 रूपया ● पृष्ठ: 4

रिपब्लिकन मजदूर संगठन के सदस्य बनें

E-mail : rmsdp@hotmail.com

अनागरिक गीता भारती भवन
बी-2/370, सुल्तानपुरी
दिल्ली-86

## सीईओ कार्यालय में बीएलओ के प्रदर्शन पर चुनाव आयोग सख्त, बताया सुरक्षा में गंभीर चूक

नई दिल्ली । चुनाव आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय पर बीएलओ के विरोध प्रदर्शन को गंभीर सुरक्षा चूक करार दिया और कोलकाता पुलिस कमिश्नर मनोज कुमार वर्मा से घटना पर रिपोर्ट मांगी है। चुनाव आयोग ने एक पत्र जारी किया है, जिसमें कहा है कि बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल के कार्यालय की सुरक्षा स्थिति संतोषजनक नहीं लग रही है। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की वजह से बीएलओ बहुत ज्यादा काम के दबाव का आरोप लगा रहे हैं। इसे लेकर बूथ-लेवल ऑफिसर्स के एक समूह ने मंगलवार शाम तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी के ऑफिस के बाहर 30 घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया।

# संविधान की आत्मा ने प्रमाणित किया है कि भारत एक है और सदैव एक रहेगा: उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन

नई दिल्ली । उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने बुधवार को सभी से 'विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया और कहा कि हमारे संविधान की आत्मा ने प्रमाणित कर दिया है कि भारत एक है और सदैव एक रहेगा। संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के सेंट्रल हॉल में संविधान दिवस समारोह को संबोधित करते हुए राधाकृष्णन ने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे लोगों की उचित आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए संवाद, बहस और चर्चा को अपनाएं। उन्होंने कहा, ''लोगों के योगदान के बिना कोई भी देश ऐसे ही महान नहीं बन सकता। हमें कर्तव्यबोध के साथ अपनी-अपनी भूमिकाएं निभानी होंगी। उपराष्ट्रपति ने कहा, ''इस दिन हमारे शानदार संविधान के प्रति सबसे बड़ा सम्मान यह है कि हम इसके मूल्यों के अनुरूप जीवन जीने का संकल्प लें। जन प्रतिनिधियों से आग्रह करते हुए उन्होंने कहा, ''चाहे संसद हो या राज्य विधानसभाएं या स्थानीय निकाय, यह हमारा प्रमुख कर्तव्य है कि हम लोगों की उचित आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए संवाद, बहस और चर्चा को अपनाएं। उपराष्ट्रपति ने कहा, ''हमारे संविधान निर्माताओं की इसी भावना के अनुरूप हमें अब इस अमृत काल में विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे विकसित भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रचनात्मक सोच के साथ आधुनिक तकनीकों का उपयोग करें। उन्होंने कहा, ''वैश्विक स्तर पर बदलते आर्थिक और भू-राजनीतिक परिदृश्य में हम सभी को जीवन के कई क्षेत्रों में सुधारों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चुनावी सुधार, न्यायिक सुधार और वित्तीय सुधार बहुत महत्वपूर्ण हैं। राधाकृष्णन ने कहा कि लोकतंत्र भारत के लिए कोई नयी अवधारणा नहीं है क्योंकि इतिहास गवाह है कि उत्तर में वैशाली जैसे स्थानों में लोकतंत्र मौजूद था, जबकि दक्षिण में चोल शासकों ने ''कुदावोलाई प्रणाली अपनाई थी। उन्होंने कहा, ''इसलिए हम भारत को



लोकतंत्र की जननी कहते हैं। उन्होंने कहा, ''नागरिकों के सचेत योगदान के बिना कोई भी लोकतंत्र जीवित नहीं रह सकता। राधाकृष्णन ने यह भी कहा कि जीएसटी के रूप में 'एक राष्ट्र-एक कर प्रणाली ने व्यापार करने में आसानी के अलावा लोगों की समृद्धि में भी वृद्धि की है। उन्होंने कहा, ''इसने रातोंरात देश की जटिल बहु-कर प्रणालियों और सभी कमियों को हटाने का मार्ग प्रशस्त किया। इससे यह साबित हुआ कि सरकार को आम आदमी पर पूरा भरोसा है। उपराष्ट्रपति ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे जनधन और आधार ने करोड़ों नागरिकों के जीवन को आसान बनाया है, जबकि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) प्रणाली ने यह सुनिश्चित किया है कि लाभ देश के सबसे दूरदराज के इलाकों में रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें। उन्होंने कहा कि सरकार और लाभार्थी के बीच कोई नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि संविधान सामाजिक न्याय और कमजोर वर्गों के आर्थिक सशक्तीकरण के प्रति हमारी मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राधाकृष्णन ने कहा, ''हमारा संविधान अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, पिछड़े वर्गों और समाज के अन्य कमजोर वर्गों के सदस्यों के सामाजिक न्याय और आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति हमारी मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उपराष्ट्रपति ने कहा, ''हम सभी को अपने संविधान पर गर्व है; इसमें समावेशी भावना निहित है। इसकी प्रस्तावना में न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्श यह सुनिश्चित करते हैं कि प्रत्येक नागरिक चाहे वह किसी भी जाति, पंथ, लिंग, भाषा, क्षेत्र या धर्म का हो, उसे भारत की धरती पर उचित स्थान मिले। राधाकृष्णन ने कहा कि संविधान का जन्म बुद्धि, अनुभव, बलिदान, आशाओं और आकांक्षाओं से हुआ है। उन्होंने कहा, ''हमारे संविधान की आत्मा ने यह प्रमाणित कर दिया है कि भारत एक है और सदैव एक रहेगा। बी आर आंबेडकर, राजेंद्र प्रसाद, एन गोपालस्वामी अयंगर, अल्लादी कृष्णस्वामी अय्यर, दुर्गा बाई देशमुख और अन्य नेताओं के योगदान की सराहना करते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि उन्होंने संविधान को इस तरह से तैयार किया कि ''इसके हर पृष्ठ में हमें अपने राष्ट्र की आत्मा दिखाई देती है। उपराष्ट्रपति ने दावा किया कि पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ गरीब लोगों को गरीबी से मुक्ति मिली है और उन्होंने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने दावा किया कि डिजिटल प्रौद्योगिकी की मदद से 100 करोड़ लोगों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत लाया गया है और ''हमने असंभव को संभव बना दिया है। राधाकृष्णन ने यह भी कहा कि भारत में हर नागरिक, चाहे वह अमीर हो या गरीब, हमेशा लोकतंत्र को मजबूत करने में योगदान देता है और अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू कश्मीर में चुनावों में लोगों की भारी भागीदारी ने लोकतंत्र में उनकी आस्था को दर्शाया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में संपन्न बिहार चुनावों में मतदाताओं विशेषकर महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी एक बहुत ही अच्छा संकेत है।

# 55 मिनट ही वॉक कर सका, सुबह तक परेशान रहा..., दिल्ली-एनसीआर के प्रदूषण पर बोले सीजेआई सूर्यकांत

नई दिल्ली ।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की स्थिति पर चिंता जताई है. उन्होंने बताया कि इस वजह से उन्हें शाम के वक्त वॉक करने में परेशानी हो रही है. बुधवार (26 नवंबर, 2025) को सुप्रीम कोर्ट देश में चल रहे वोटर लिस्ट के स्पेशल इन्टेंसिव रिविजन को लेकर दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था. इसी दौरान दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का मुद्दा भी उठा. सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि कल शाम को वॉक के बाद उन्हें प्रदूषण के चलते बहुत असुविधा महसूस हुई. इससे पहले भी वह 2 दिन वॉक पर नहीं जा पाए थे. उन्होंने कहा कि उन्होंने 55 मिनट ही वॉक की और सुबह तक उनको परेशानी रही. चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने यह बातें तब कहीं जब एसआईआर मामले की सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग के लिए पेश सीनियर एडवोकेट राकेश द्विवेदी ने 2 दिसंबर की सुनवाई में ऑनलाइन शामिल होने की अनुमति मांगी. 2 दिसंबर को केरल एसआईआर पर सुनवाई होनी है. उन्होंने प्रदूषण का हवाला देते हुए यह अनुरोध किया था. याचिकाकर्ता पक्ष के लिए पेश सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने भी इससे सहमति जताते हुए कहा कि कोर्ट को फिलहाल ऑनलाइन मोड में ही काम करना चाहिए. चीफ जस्टिस ने कहा कि वह बार एसोसिएशन और जजों से इस पर विचार-विमर्श करेंगे. सबकी सहमति से कोई फैसला लिया जाएगा. दिल्ली एनसीआर में लगातार प्रदूषण की स्थिति गंभीर बनी हुई है. कई जगहों पर एक्यूआई 350 के भी पार पहुंच चुका है और 12 दिनों से हवा की क्वालिटी बहुत खराब श्रेणी में है, जिसकी वजह से लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है. आज सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर पर सुनवाई को फिलहाल 2 हिस्सों में बांट दिया है. पहला मुख्य मुद्दा जिसमें एसआईआर की वैधता पर सुनवाई होगी और दूसरा राज्यों के स्थानीय मसले जिनके चलते वहां की कुछ राजनीतिक पार्टियां एसआईआर टालने की मांग कर रही हैं. राज्यों के स्थानीय मसलों पर सुनवाई के लिए अलग-अलग तारीखें तय की गई हैं. केरल का मामला 2 दिसंबर, तमिलनाडु का 4 दिसंबर और पश्चिम बंगाल का 9 दिसंबर को सुना जाएगा. कोर्ट ने इन मामलों के याचिकाकर्ताओं को आश्वस्त किया है कि अगर उसे जरूरी लगा तो वह ड्राफ्ट रोल के प्रकाशन की तारीख आगे बढ़ा देगा. चुनाव आयोग की तरफ से तय शेड्यूल के मुताबिक स्ह्रक्र फॉर्म 4 दिसंबर तक भरे जाने हैं और ड्राफ्ट रोल का प्रकाशन 9 दिसंबर को होना है.

# दिल्ली में प्रदूषण को लेकर सियासत तेज, आप बोली- एक्यूआई के डेटा में हेराफेरी कर रही सरकार

नई दिल्ली । प्रदूषण से बेहाल दिल्ली में राजनीतिक बयानबाजी तेज होती जा रही है. आम आदमी पार्टी (आप) ने राजधानी की बिगड़ती वायु गुणवत्ता को लेकर सरकार पर निशाना साधा है. पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि सरकार प्रदूषण कम करने के बजाय एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) के डेटा में हेराफेरी कर रही है और वास्तविक स्थिति छिपाने की कोशिश कर रही है. सौरभ भारद्वाज ने ये भी कहा कि दिल्ली के लोग साफ हवा के लिए आवाज उठा रहे हैं, लेकिन प्रदर्शनकारियों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया जा रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आलोचना दबाने की नीयत से प्रदूषण पर बात करने वालों को निशाना बना रही है. उन्होंने कहा कि शहर में हालात इतने खराब हैं कि लोग सोशल मीडिया और व्हाट्सऐप ग्रुप पर भी प्रदूषण पर चर्चा करने से डरने लगे हैं, क्योंकि उन्हें आशंका है कि सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई कर सकती है. उन्होंने कहा कि डॉक्टरों के अनुसार इस वर्ष अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और सांस संबंधी बीमारियों के मरीजों की संख्या अस्पतालों में तेजी से बढ़ी है. इसके बावजूद सरकार के पास प्रदूषण से निपटने के लिए कोई ठोस योजना नहीं है. आम आदमी पार्टी ने सुझाव दिया कि दिल्ली के प्रदूषण को कम करने के लिए केंद्र सरकार को उत्तर भारत के सभी राज्यों दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, और उत्तर प्रदेश को एक साथ बैठाकर समाधान तलाशना चाहिए. पार्टी ने कहा कि जब दिल्ली में थर्मल पावर प्लांट बंद किए जा सकते हैं, तो पड़ोसी राज्यों में ऐसा क्यों नहीं किया जा रहा है. आप के विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि पिछले नौ महीनों में प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर एक भी सार्थक कदम नहीं उठाया गया. उनका दावा है कि सड़कों की खराब स्थिति, धूल और निर्माण सामग्री के अनियंत्रित प्रसार ने वायु गुणवत्ता को और खराब कर दिया है, जबकि सरकार इन मुद्दों पर चुप्पी साधे हुए है. कुलदीप कुमार ने कहा कि जब दिल्ली में आप की सरकार थी, तब ओड-ईवन योजना, रेड लाइट ऑन-इंजन ऑफ कैम्पेन और क्लीन दिल्ली जैसे अभियानों के माध्यम से लगातार प्रयास किए जाते थे, लेकिन वर्तमान सरकार न सिर्फ इन पहलों को रोक चुकी है बल्कि अब यह दावा कर रही है कि दिल्ली में प्रदूषण है ही नहीं.

# मानवाधिकार आयोग का रेलवे को नोटिस: ट्रेनों में हलाल मांस परोसने पर उठने लगे सवाल, धार्मिक स्वतंत्रता का मुद्दा गरमाया

नई दिल्ली । राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने भारतीय रेलवे द्वारा मांसाहारी व्यंजनों में केवल हलाल-प्रमाणित मांस परोसे जाने से संबंधित एक शिकायत पर स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) मांगी है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि केवल हलाल मांस परोसने की प्रथा हिंदुओं, सिखों और अनुसूचित जाति समुदायों के मानवाधिकारों का उल्लंघन करती है, खासकर मांस व्यापार से जुड़े लोगों पर। तर्क दिया गया कि इस बहिष्कार से उनकी आजीविका को नुकसान पहुँचता है और यात्रियों को उनकी धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप भोजन के विकल्प नहीं मिलते। एनएचआरसी ने कहा कि यह प्रथा भारतीय संविधान के कई अनुच्छेदों, जिनमें अनुच्छेद 14, 15, 19(1)(जी), 21 और 25 शामिल हैं, का संभावित रूप से उल्लंघन करती है, जो समानता, गैर-भेदभाव, पेशे की स्वतंत्रता, सम्मानपूर्वक जीवन जीने के अधिकार और धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देते हैं। आयोग ने भारत की धर्मनिरपेक्ष भावना के अनुरूप सभी धर्मों के लोगों के भोजन विकल्पों का सम्मान करने के महत्व पर जोर दिया।

# ऐतिहासिक टाउन हॉल मीटिंग का सफल आयोजन

नई दिल्ली ( इंद्रजीत सिंह )सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, दिल्ली ज़ोन ने एक भव्य और ऐतिहासिक टाउन हॉल मीटिंग का सफल आयोजन किया, जिसमें विभिन्न शाखाओं और क्षेत्रों से आए अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा कार्यक्रम दिल्ली ज़ोन के ज़ोनल हेड, सिसराम तुंदवाल के सशक्त नेतृत्व में संपन्न हुआ। आयोजन स्थल ऊर्जा, एकजुटता और सकारात्मक माहौल से भर गया था, जहाँ बड़ी संख्या में उपस्थित कर्मचारियों ने बैंक की सामूहिक शक्ति और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री कल्याण कुमार की



उपस्थिति रही। उनके आगमन पर सभागार तालियों से गूंज उठा। अपने प्रेरक और उत्साहवर्धक संबोधन में उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपनी योग्यता, आत्मविश्वास और मेहनत के दम पर बैंक के प्रदर्शन को नई ऊँचाइयों पर ले जाएँ। उन्होंने नवाचार, उत्कृष्ट ग्राहक सेवा, डिजिटल बैंकिंग और टीमवर्क को बैंक की प्रगति का आधार बताते हुए कहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित अधिकारी और कर्मचारी हैं।

कार्यक्रम के दौरान एक भावनात्मक क्षण तब आया जब यह आह्वान किया गया—:सभी सेंट्रलाइट्स कृपया हमारे प्रिय सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की विजय के लिए खड़े हों!÷ इस घोषणा के साथ पूरा सभागार एकजुट होकर खड़ा हो गया और हॉल गर्व और उत्साह की अनोखी भावना से भर उठा। इस दृश्य ने संगठन के प्रति कर्मचारियों की गहरी निष्ठा और अपनापन साफ झलका दिया। टाउन हॉल मीटिंग में प्रदर्शन सुधार, ग्राहक संतुष्टि, शाखाओं की दक्षता बढ़ाने और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बैंक के लक्ष्यों को सामूहिक रूप से प्राप्त करने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन उप महाप्रबंधक, पी. सी. खुराना के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। उन्होंने टाउन हॉल के सफल आयोजन के लिए नेतृत्व टीम को बधाई देते हुए बैंक की प्रगति में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की। श्री खुराना ने कहा कि दिल्ली ज़ोन की वास्तविक मजबूती इसकी टीम की एकजुटता, मेहनत और सकारात्मक दृष्टिकोण में निहित है।

# मतदाता हित में बढ़ायी जाये एसआईआर प्रक्रिया की अवधिः रूचि वीरा



## सांसद ने समस्याओं को लेकर डीएम को दिया ज्ञापन

मुरादाबाद।

समाजवादी पार्टी की सांसद रूचिवीरा ने मुरादाबाद में एसआईआर की प्रक्रिया में मतदाताओं को हो रही असुविधा और समस्याओं के बारे में जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि बीएलओ मतदाताओं के घर-घर जाकर गणना प्रपत्र नहीं पहुंचा रहे हैं और एक ही स्थान पर बैठकर प्रपत्र बांटे जा रहे हैं। सांसद रूचि वीरा ने कहा कि अभी एक हफ्ते का समय बाकी है, लेकिन अभी बहुत कम काम हुआ है। लोगों को 2003 की लिस्ट अपना नाम ढूंढने के लिए भटकना पड़ रहा है और उनको कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि बीएलओ को गणना प्रपत्र के मामले में अनभिज्ञता होने के कारण वह मतदाताओं को सही जानकारी उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। रूचि वीरा ने कहा कि जनपद के विभिन्न पोलिंग स्टेशनो पर 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध नहीं है और मतगणना प्रपत्र संग्रह की गति अत्यंत धीमी है। उन्होंने कहा कि मेरे पास लगातार शिकायतें आ रही हैं कि बीएलओ मतदाताओं के फोन नहीं उठा रहे हैं और उनको सही जानकारी नहीं मिल पा रही है। रूचिवीरा ने कहा कि गणना प्रपत्र भी गलत ढंग से अपलोड किए जा रहे हैं और निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर लिस्ट डाउनलोड करने में परेशानी आ रही है। उन्होंने कहा कि लोकाचार के इस महत्वपूर्ण विषय पर संज्ञान लेकर मतदाता हित में एसआईआर की प्रक्रिया की समय अवधि तीन माह बढ़ाई जाए। इस समस्या का समाधान करने के लिए, निर्वाचन आयोग को चाहिए कि वह बीएलओ को प्रशिक्षित करे और मतदाताओं को सही जानकारी उपलब्ध कराए। साथ ही, मतगणना प्रपत्र संग्रह की गति को बढ़ाने और वेबसाइट पर लिस्ट डाउनलोड करने में आ रही परेशानियों को दूर करने के लिए कदम उठाए। इस दौरान शाने अली शानू, जिला उपाध्यक्ष हाजी तालिब अंसारी, महिला सभा की जिला अध्यक्ष शीरी गुल, डॉक्टर महमूद, खुशनुद खान, करीम खान, याकूब मलिक, फरीद मलिक, विजयवीर यादव, अमीर अंसारी, आदित्य चौधरी, अब्दुल गनी, असलम पंचायती, शरीफ अंसारी, जिगरी मलिक, फाजिल मालिक आदि लोग मौजूद रहे।

# उद्यमियों की समस्याओं को गंभीरता से लें सभी विभागः मण्डलायुक्त

मुरादाबाद।

मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार मुरादाबाद में आयोजित हुई। बैठक का संचालन योगेश कुमार संयुक्त आयुक्त उद्योग मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद द्वारा किया गया। संयुक्त आयुक्त उद्योग द्वारा समिति को बताया गया कि विगत मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक 28 अक्टूबर को सम्पन्न हुई थी, जिसका कार्यवृत्त सभी को प्रेषित किया जा चुका है तथा किसी से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई है। अतः तद्नुसार विगत बैठक की पुष्टि करते हुए एजेण्डावार समीक्षा की गयी। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि उद्यमियों की समस्याओं को सभी विभाग गंभीरता से लें। बैठक में मुरादाबाद में पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 24 के कि0मी0 164 में, प्रेम वण्डर लाइन के समीप स्थित सम्पार संख्या 41×-ए पर अतिरिक्त दो लेन ऊपरी गामी सेतु के निर्माण हेतु कार्य योजना जिलाधिकारी से अनुमोदित कराकर पोर्टल पर अपलोड की जा चुकी है। बैठक में डियर पार्क के संचालन के सम्बन्ध में वन विभाग के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि डियर पार्क का पी0पी0 मॉडल सम्भव नहीं है। डियर पार्क के संचालन हेतु रु 120.40 लाख की सोन्दर्यकरण योजना तैयार कर प्रेषित की गयी है , जिसे मण्डलायुक्त द्वारा योजना का निरूपण कराकर इसे पी0पी0पी0 मॉडल पर संचालित कराये जाने हेतु सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त किये जाने की अपेक्षा की गयी। मण्डलायुक्त द्वारा सिंचाई विभाग के प्रतिनिधि को निर्देश दिये गये कि रामगंगा नदी में कूड़ा कचरा एवं अतिक्रमण हटाये जाने एवं उसका चिन्हाकन किये जाने के सम्बन्ध में लिखित रूप से अवगत करायें। इसके साथ ही गागन नदी के किनारे-किनारे कूड़ा कचरा एवं गन्दगी के सम्बन्ध में भी सिचाई विभाग से रिपोर्ट मागी गयी है। रामगंगा नदी के किनारे अवैध भट्ठीयो के सम्बन्ध में प्रदूषण विभाग के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 56 भट्ठीयो को बन्द कराया गया है, जिसके सम्बन्ध में मण्डलायुक्त द्वारा उक्त की सूची उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। इवेस्ट रिसाईकिलिग व कलेक्सन कराये जाने के सम्बन्ध में नगर निगम के प्रतिनिधि ई-वेस्ट का डिस्पोजल किस माध्यम से कराया जाता है तथा किसको बेचा जाता है, के सम्बन्ध में कोई जानकारी नहीं दे पाये। इस संबंध में मंडलायुक्त द्वारा निर्देश कृत कार्रवाई से अवगत कराए जाने के निर्देश दिए गए। कांठ रोड पर सड़क के किनारे-किनारे नाला निर्माण कराये जाने के संबंध में एमडी एवं पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिए गए। इसके साथ ही नगर निगम के प्रतिनिधि को निर्देश दिये गये कि गागन तिराहे के पास कोई भी मार्केट तथा पार्किंग न लगाये इसके साथ ही उद्यमीयो द्वारा मण्डलायुक्त को बताया गया कि हरथला में भी रविवार के दिन बाजार लगता है जिसके कारण वहां पर अत्यधिक जाम लग जाने से आवागमन बाधित होता है इस सम्बन्ध में नगर निगम को रविवार के दिन लगने वाले साप्ताहिक बाजार एवं रोड पर होने वाले अतिक्रमण को हटाए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में सचिव एमडीए श्री पंकज वर्मा, अपर नगर आयुक्त श्री आशुतोष राय , , श्री संजीव कुमार मण्डी सचिव, श्री पंकज सरन एल0डी0एम0, गोपाल मेहता, राकेश उपाध्याय इन टर्मिनल, लघु उद्योग भारती के मनीष पोपली, दिलशाद हुसैन, तंजील अहमद इत्यादि उद्यमी तथा अधिकारीकरण उपस्थित हुए।

# भाषण प्रतियोगिता में आरूषी रस्तोगी ने पाया पहला स्थान

## लोकतंत्र की सुरक्षा एवं संवैधानिक मूल्यों के संवर्धन में मीडिया की भूमिका पर बोले विद्यार्थी

मुरादाबाद।

उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट की ओर से लोकतंत्र की सुरक्षा एवं संवैधानिक मूल्यों के संवर्धन में मीडिया की भूमिका विषय पर हुई भाषण प्रतियोगिता में आरूषी रस्तोगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संविधान दिवस पर केजीके महाविद्यालय में आयोजित इस प्रतियोगिता में मुस्कान प्रजापति द्वितीय व रिपांशु तृतीय स्थान पर रहे। निखिल कुमार, अमोल गुप्ता, दृष्टि चौधरी, शाद मोहम्मद और दीपांशु ने उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ मीरा कश्यप, डॉ सुनील त्रिपाठी और डॉ दीपक मिश्रा रहे। सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ सुनील चौधरी ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र की धुरी है। यह केवल समाचारों का प्रसारक भर नहीं, बल्कि



जनमत का निर्माणकर्ता, सत्ता का प्रहरी और नागरिकों को जागरूक बनाने वाला सशक्त माध्यम है। मुख्य अतिथि दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता ने कहा कि मीडिया शासन के प्रत्येक स्तंभ पर निगरानी रखकर पारदर्शिता सुनिश्चित करता है। भ्रष्टाचार, प्रशासनिक अनियमितताओं और जनहित के मुद्दों को उजागर कर यह सत्ता को जवाबदेह बनाता है। सांस्कृतिक समिति प्रभारी डॉ शिव पूजन सिंह यादव ने इस तरह की प्रतियोगिताओं की आवश्यकता पर बल दिया। उपज के अध्यक्ष हरिप्रकाश शर्मा ने कहा लोकतंत्र की सुरक्षा इसी बात पर निर्भर करती है कि सूचना स्वतंत्र, निष्पक्ष और तथ्यपरक हो और यह भूमिका सबसे अधिक मीडिया ही निभाता है। महासचिव कुमार देव ने कहा कि मीडिया संविधान द्वारा प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का वास्तविक संरक्षक है। उपाध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा ने कहा कि मीडिया नागरिकों के भीतर संवैधानिक मूल्यों को जीवंत बनाए रखकर राष्ट्र को दिशा देता है। कार्यक्रम का संचालन श्रीराम शर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ अजय कुमार सिंह,डॉ अनिल चौहान, डॉ सुकृति त्यागी, डॉ संजय जौहरी, डॉ गीतिका नागर, डॉ चंद्रभान यादव, डॉ एके राय,डॉ विनय कुमार, डॉ राशिद अहमद, डॉ रितुराज सिंह यादव, डॉ राजकुमार सोनकर, डॉ राजदेव सिंह,डॉ दुर्गेश यादव,डॉ गोविंद नोनिहाल, विनय खन्ना, पुष्प यादव ,सुरबेंदर पाल, अमरदीप सिंह, मौहम्मद आसिफ, दिनेश चंद्र शर्मा,अभिषेक भारद्वाज, प्रेम प्रकाश सक्सेना , मोहम्मद सुहेल खान, रजत शर्मा, वीर भान सिंह, आदि उपस्थित रहे। आभार उपज के सह सचिव डॉ मनोज रस्तोगी ने व्यक्त किया।

# ट्रेन से कटकर छात्र की मौत

मुरादाबाद। जनपद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र में सुबह कोचिंग जा रहे एक छात्र की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना मिलक कामरु गांव के पास हाइवे रेल लाइन पर हुई। जगतपुर रामराय निवासी 18 वर्षीय अजय कुमार पुत्र रामबहादुर सुबह गुलाबबाड़ी स्थित कोचिंग सेंटर जा रहा था। वह गांव से जंगल के रास्ते जीरो प्वाइंट की ओर बढ़ रहा था और रेलवे पटरी पार करते समय रामपुर की ओर से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।तेज आवाज सुनकर खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि अजय का शव खून से लथपथ पटरी के पत्थरों पर पड़ा था, रोटी और बैग दूर बिखरे पड़े थे। घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर जीरो प्वाइंट पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भेज दिया। अजय के दादा-दादी और ग्रामीण रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे। परिवार वालों ने बताया कि अजय कुमार बीए का छात्र था और घर का इकलौता बेटा था। वह पढ़ाई के साथ-साथ खेती-किसानी में भी हाथ बंटाता था। परिवार में उसकी मां शांति देवी और बहनें अंजलि व सुषमा हैं। अजय की मौत से पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# डीएम ने ईवीएम वेयरहाउस का किया मासिक निरीक्षण



मुरादाबाद। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने मुरादाबाद शहर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप वेयरहाउस में उपलब्ध संसाधनों एवं सुरक्षा मानकों का सत्यापन किया साथ ही उन्होंने परिसर में साफ सफाई को लेकर भी जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन संगीता गौतम भी मौजूद रहीं।

## एमएसपी गारंटी कानून को लेकर कलेक्ट्रेट पर गरजे किसान

मुरादाबाद। (वेबवार्ता) भाकियू (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कलेक्ट्रेट का घेराव किया। भाकियू पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी करते हुए केंद्र की मोदी सरकार से एमएसपी गारंटी कानून को लागू करने की मांग की। भाकियू पदाधिकारियों ने कहा कि, संयुक्त किसान मोर्चा के दिल्ली आंदोलन को 5 साल पूरे हो गए है। इस आंदोलन में कई किसानों ने अपनी जान गंवाई। लंबे आंदोलन के बाद सरकार ने एमएसपी गारंटी कानून लागू करने का वादा किया था। लेकिन इस वादे को पूरा नहीं किया। किसान नेताओं ने मांग उठाई कि आंदोलन में जो किसान शहीद हुए थे उनके परिवारों को मुआवजा दिया जाए और उनके एक परिजन को सरकारी नौकरी दी जाए आंदोलन को लेकर सरकार ने जो मुकदमे किसानों के ऊपर दर्ज कराए थे वो सभी मुकदमे तुरंत वापस लिए जाएं। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि लोकल में धान जगह-जगह तुल रहा है। क्रय केंद्रों पर किसान का धान नहीं तुल रहा है बल्कि बिचौलियों का धान तुल रहा है।

# युवाओं को दिलाई संविधान की शपथ

मुरादाबाद।

मेरा युवा भारत के तत्वाधान में संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का भव्य आयोजन युवाओं को संविधान की शपथ महापौर विनोद अग्रवाल के द्वारा दिलाई गई। नवनिर्मित संविधान पार्क के प्रांगण में किया गया किया गया जैसा कि विदित है आज संविधान दिवस पूरे देश मे मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद में संविधान दिवस के अवसर पर भव्य आयोजन मेरा युवा भारत सरकार के विभाग द्वारा किया गया विभाग के अधिकारी उप निदेशक अंकित कुमार ने बताया कि आज के आयोजन में शहर के महापौर विनोद अग्रवाल मुख्य अतिथि रहे। मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मंडल आयुक्त एवं महापौर द्वारा युवाओं को संबोधित किया गया। जहां महापौर विनोद अग्रवाल ने युवाओं से संविधान



निर्माताओं चिंतन करने के लिए कहा वहीं मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने युवाओं में समानता के अधिकार को विशेष तौर पर महत्व देने के लिए आगे आने को कहा।

इस कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के 500 से अधिक युवाओं ने संपूर्ण जनपद से प्रतिभाग किया इस कार्यक्रम का आकर्षण का केंद्र बलून फेस्टिवल रहा संविधान दिवस के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर माय भारत एवं संविधान के संदेश से ×00 सजे हुए थे और मंडल आयुक्त एवं महापौर ने इन गुब्बाड़ों को हवा में छोड़ा यहां मौजूद बड़ी संख्या में युवाओं ने इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने पर गर्व महसूस किया इस कार्यक्रम में मुरादाबाद के 5 प्रतिभावान युवा वक्ताओं ने अपनी विशेष प्रतिभा से युवाओं को प्रभावित किया कार्यक्रम में पर्वतारोही विवेक आनंद ने यह बताया कि कैसे पर्वतों से भारत एक महान भारत बनता है उसमें पर्वतों की क्या भूमिका है वहीं लॉ की छात्रा रूजल पाठक ने युवाओं को संविधान की विशेषताओं के बारे में बताया कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ दीपक मेहंदी दत्ता प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक ने किया उन्होंने युवाओं को संविधान और विज्ञान दोनों के गहन अध्ययन से जागरूक होने का आह्वान किया कार्यक्रम के सफल आयोजन में जनपद मुरादाबाद के नगर निगम का विशेष योगदान प्राप्त हुआ और नगर निगम के सहयोग से संविधान साहित्य वाटिका को आम जन तक पहुंचाने का भी यह प्रयास रहा। इस कार्यक्रम में प्रतिभावान युवाओं को अशोक स्तंभ के चिन्ह के साथ सम्मानित किया गया कार्यक्रम में मेरा युवा भारत मुरादाबाद के समस्त स्टाफ जोगेंद्र ,रंजीत सैनी ,चंद्र सिंह संचल, अमित कुमार, विकास ,ने अपनी विशेष भूमिका निभाई।

